B.M.A COLLEGE , BAHERI,DARBHANGA
(A CONSTITUENT UNIT OF LNMU)
BA DEGREE-2
HISTORY (SUB./GEN.)
UNIT-5(B)
DEPARTMENT OF HISTORY
PANKAJ KR.MISHRA
DATE-22/09/2020

TOPIC- भारत छोड़ो आंदोलन(1942 ई.)

(QUIT INDIA MOVEMENT (1942 AD)

Part-3

Scanned with CamScanner

भारत छोड़ो आंदोलन, भाग-3

आंदोलन का सामाजिक आधार

भारत छोड़ो आंदोलन में आम जनता की हिस्सेदारी तथा समर्थन व्यापक रहा। छात्रों की भागीदारी देखने को मिलती है।

(A) आंदोलन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी, उषा मेहता आदि महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

(B) देशभर के किसानों ने आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

(C) बहुत से छोटे जमींदारों ने भी आंदोलन में हिस्सा लिया खासकर उ० प्र० और बिहार में।

(D) मजदूरों की भागीदारी रही।

(E) मुसलमानों की भागीदारी बहुत उल्लेखनीय नहीं रही।

(F) हिन्दू महासभा और उसके प्रमुख नेताओं जैसे वी०डी० सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन की निंदा की।

(G) RSS भी इस आंदोलन से अलग-थलग रहा।

(H) भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत छोड़ो आंदोलन का ~~समर्थन~~ नहीं किया क्योंकि दिसंबर 1941 ई० में सोवियत संघ भी मित्रदलों की तरफ से अंग्रेजों की तरफ शामिल हो गया।

(I) भीमराव अंबेडकर ने भी आंदोलन का ~~समर्थन~~ नहीं किया।

महत्व

i) सरकारी दमन की नीति से इस आंदोलन को दबा दिया गया था। लेकिन ब्रिटिश सरकार यह समझ गयी कि भारत में व्याप्त असंतोष कितना गहरा है। इस दृष्टि से आंदोलन को असफल नहीं कहा जा सकता क्योंकि इस क्रांति ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत की स्वाधीनता का मामला अब कांग्रेस दल तक सीमित न रहकर भारत की जनता का मसला बन गया है।

ii) आंदोलन ने साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारत की आकांक्षा व स्वतंत्र होने के संकल्प को प्रभावशाली तथा सुनिश्चित ढंग से व्यक्त किया।

iii) इस आंदोलन के बाद ब्रिटिश सरकार के दिमाग में यह बात अच्छी तरह समझ आ गयी कि भारत में उनको साम्राज्यवादी शासन के दिन गिने चुने दिन रह गये हैं।

Scanned with CamScanner

i=> एक अर्थ में भारत छोड़ो आंदोलन भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की समाप्ति का परिचायक है क्योंकि इस आंदोलन के पश्चात् प्रश्न सिर्फ तय करने को यह था कि सत्ता का हस्तांतरण किस तरीके से हो और स्वतंत्रता के बाद सरकार का स्वरूप क्या हो।

Pankaj
22/09/2020

Scanned with CamScanner